# प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 17.11.2023

## रंगदारी मांगने एवं धोखाधड़ी से लाखो रुपये हड़पने के आरोप में 02 नफर अभियुक्ता गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर के द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में उ0नि0 वरुण सांकृत मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 786/2023 धारा 386,506,504 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्ता 1. रेखा सिह पत्नी रोहित सिह पुत्री इन्द्रासन सिह निवासी महादेवा बाजार थाना रामपुर कारखाना जनपद देविरया हाल मुकाम हाइड्रिल कालोनी नं0 1 निकट रामलीला मैदान थाना कोतवाली जनपद देवरिया 2. हेमवंती पटेल पत्नी गणेश पटेल निवासी ग्रा0 अकटहा थाना भलुअनी जनपद देवरिया को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

कई आवेदकों द्वारा दिनांक 18.10.2023 को थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि विकास कुमार सिन्हा पुत्र प्रमोद कुमार सिन्हा 99 वार्ड 28 बलुआताल मोतीहारी पूर्वी चम्पारण (बिहार) द्वारा महिलाओं से फर्जी मुकदमें कराता है, और मुकदमें कराने की धमकी देता है एवं इसी प्रकार डरा धमका कर कुल 08 लोगों से करीब 63 लाख रूपयों की ठगी कर चुका है। इसी क्रम में थाना स्थानीय पर प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0- 783/23 धारा 420,406,506 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त के एक अन्य प्रकरण में वादिनी की लिखित तहरीर पर अभियुक्त उपरोक्त द्वारा वादिनी से लिए गये पैसों को न चुकाने एवं पैसा मांगने पर फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल भेजवाने व हत्या कराने की धमकी दिये जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 786/2023 धारा 386,506 भादवि पंजीकृत किया गया। ज्ञातव्य हो कि दोनों मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त विकास कुमार सिन्हा पुत्र प्रमोद कुमार सिन्हा निवासी स्थायी पता वार्ड 29 बलुआताल थाना टाउनहाल जिला मोतीहारी बिहार हाल पता किराये का मकान जंगल सालिकराम शिवपुर सहबाजगंज थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर दिनांक 19.10.2023 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

## गिरफ्तार अभियुक्ता का नाम व पता-

1. रेखा सिह पत्नी रोहित सिह पुत्री इन्द्रासन सिह निवासी महादेवा बाजार थाना रामपुर कारखाना जनपद देविरया हाल मुकाम हाइड्रिल कालोनी नं0 1 निकट रामलीला मैदान थाना कोतवाली जनपद देवरिया
2. हेमवंती पटेल पत्नी गणेश पटेल निवासी ग्रा0 अकटहा थाना भलुअनी जनपद देवरिया

## गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0स0 786/2023 धारा 386,506,504 भादवि थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

## गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. प्र0नि0 शशि भूषण राय थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 वरुण सांकृत थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. का0 प्रदीप यादव थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
4. म0का0 दीप्ती सिह थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर